दिन–शुक्रवार दिनांक– 29 / 08 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. राजगीर में आज से शुरू हो रही है बारहवीं पुरुष एशिया कप हॉकी प्रतियोगिता। भारत आज अपना पहला मैच चीन के खिलाफ खेलेगा।

02. निर्वाचन आयोग ने एसआईआर के तहत दावा–आपत्ति के दौरान आवश्यक कागजात जमा नहीं कराने वाले तीन लाख से अधिक मतदाताओं को नोटिस भेजा।

03. बिहार राज्य महिला आयोग ने वोटर अधिकार यात्रा के क्रम में दरभंगा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में स्वतः संज्ञान लिया। भाजपा ने पटना और दरभंगा में शिकायते दर्ज करवाई।

04. और, नेपाल के रास्ते बिहार में घुसे जैश–ए–मोहम्मद के तीन आतंकियों पर पूर्वी चम्पारण जिले की पुलिस ने पचास हजार रूपये ईनाम की घोषणा की।

———————————————————————

बारहवीं पुरुष एशिया कप हॉकी प्रतियोगिता आज से राजगीर में शुरू हो रही है। भारतीय हॉकी के महानतम खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस, राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर यह प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज दोपहर बाद प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन करेंगे। ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

———बाईट———

प्रतियोगिता में भारत के अलावा जापान, चीन, कजाखस्तान, मलेशिया, दक्षिण कोरिया, बांग्लादेश और चीनी ताइपे भाग ले रहे हैं। पूल–ए में भारत के साथ जापान, चीन और कजाखस्तान को रखा गया है। वहीं, पूल–बी में मलेशिया, कोरिया, बांग्लादेश और चीनी ताइपे हैं। प्रतियोगिता में कुल 24 मैच खेले जायेंगे। फाइनल मुकाबला 7 सितंबर को होगा। मौजूदा चैम्पियन दक्षिण कोरिया ने सबसे अधिक पांच बार एशिया कप का खिताब जीता है जबकि मेजबान भारत ने तीन बार खिताब हासिल किया है। एशिया कप अगले वर्ष होने वाले हॉकी विश्व कप के लिए क्वालीफायर प्रतियोगिता भी है। हॉकी इंडिया ने प्रतियोगिता के लिए प्रवेश निशुल्क रखा है। धर्मेन्द्र कुमार राय आकाशवाणी समाचार, राजगीर।

———————————————————————

पुरुष एशिया कप हॉकी प्रतियोगिता में भारत आज अपना पहला मैच चीन के साथ खेलेगा। रविवार को भारत का सामना जापान से होगा जबकि सोमवार को भारत अपना अंतिम पूल मैच कजाखस्तान से साथ खेलेगा। भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमन प्रीत सिंह ने कहा कि पूरी टीम जीत की रणनीति के साथ उतरेगी।

———बाइट———

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पुरुष हॉकी एशिया कप में भाग ले रही सभी टीमों, खिलाड़ियों, अधिकारियों और समर्थकों को शुभकामनाएँ दी हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि भारत और एशिया के लाखों लोगों के दिलों में हॉकी का विशेष स्थान रहा है। प्रधानमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि यह टूर्नामेंट रोमांचक और यादगार पलों से भरपूर होगा जो खेल प्रेमियों की भावी पीढी को प्रेरित करेगा। उन्होंने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि बिहार पुरुष हॉकी एशिया कप की मेजबानी कर रहा है। श्री मोदी ने कहा कि हाल के दिनों में, बिहार ने जीवंत खेल केंद्र के रूप में अपनी पहचान बनाई है, और खेलो इंडिया यूथ गेम्स, एशिया रग्बी यू ट्वेंटी सेवंस चैम्पियनशिप, आईएसटीएएफ सेपकटकरा विश्व कप और महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी जैसे प्रमुख टूर्नामेंटों की मेजबानी की है। उन्होंने कहा कि यह निरंतर गति बिहार के बढ़ते बुनियादी ढांचे, जमीनी स्तर के उत्साह और विविध खेल विषयों में प्रतिभाओं को पोषित करने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

———————————————————————

देशभर में आज राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जा रहा है। यह दिवस हर वर्ष उनतीस अगस्त को हॉकी के दिग्गज खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती पर मनाया जाता है। एक रिपोर्ट–

———रिपोर्ट———

इधर, राजधानी पटना समेत प्रदेशभर में इस अवसर पर कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

———————————————————————

निर्वाचन आयोग ने विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत दावा–आपत्ति के दौरान आवश्यक कागजात जमा नहीं कराने वाले तीन लाख से अधिक मतदाताओं को नोटिस भेजा है। इसमें सबसे अधिक किशनगंज, अररिया, सहरसा, मधुबनी, पूर्णियां, कटिहार और पश्चिम चम्पारण जिले के मतदाता शामिल हैं। चुनाव आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार इनमें कई लोग बांग्लादेश और नेपाल के हैं। आयोग ने कहा है कि चिन्हित मतदाताओं को उनकी नागरिकता पहचान सुनिश्चित करने को कहा गया है। ऐसा नहीं करने पर उनके नाम मतदाता सूची से काट दिये जायेंगे। इधर, आयोग ने मतदाता सूची तैयारी की समीक्षा के लिए भारतीय प्रशासनिक सेवा के तीन अधिकारियों नजमूल होदा, अनुराधा पटनायक और भरत खेड़ा की पर्यवेक्षक के रूप में तैनाती की है। ये पर्यवेक्षक मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन के बाद दावा–आपत्ति की समीक्षा करेंगे।

———————————————————————

बिहार राज्य महिला आयोग ने वोटर अधिकार यात्रा के क्रम में दरभंगा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की माँ पर सार्वजनिक मंच से आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में स्वतः संज्ञान लिया है। आयोग ने ऐसी टिप्पणियों को महिलाओं की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला बताते हुये इसकी कड़ी आलोचना की है। आयोग ने इस संबंध में दरभंगा के जिलाधिकारी को पत्र लिखकर दोषियों के विरूद्ध विधिसम्मत कार्रवाई करने को कहा है ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति नहीं हो और महिलाओं की गरिमा सुरक्षित रहे।

———————————————————————

इस मामले को लेकर भाजपा नेताओं ने पटना में एक शिकायत दर्ज कराई। वहीं, दरभंगा में भाजपा की ओर से साईबर थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। वरिष्ठ भाजपा नेता और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि राजद और कांग्रेस का असली चरित्र लोगों के सामने आ चुका है।

———बाईट———

———————————————————————

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने बिहार में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का विरोध किया है। मोतिहारी में वोटर अधिकार यात्रा के दौरान एक जनसभा को संबोधित करते हुये श्री गांधी ने कहा कि एसआईआर के नाम पर संवैधानिक अधिकारों का हनन हो रहा है। सभा को राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव, भाकपा—माले के महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य और विकासशील इंसान पार्टी के अध्यक्ष मुकेश सहनी ने भी संबोधित किया।

———————————————————————

नेपाल के रास्ते बिहार में घुसे जैश—ए—मोहम्मद के तीन आतंकियों पर पूर्वी चम्पारण जिले की पुलिस ने पचास हजार रूपये ईनाम की घोषणा की है। पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने बताया कि लोग इन आतंकियों की जानकारी नजदीकी पुलिस थाने के अलावा वाट्सएप नम्बर— नौ चार तीन एक आठ दो दो नौ आठ आठ या नौ शून्य तीन एक आठ दो सात एक शून्य शून्य पर भी दे सकते हैं।

———बाईट———

इधर, सीमावर्ती इलाकों में एसएसबी और पुलिस की टीम आतंकियों की गिरफ्तारी के लिए सघन सर्च अभियान चला रही है।

———————————————————————

जम्मू कश्मीर के वैष्णो देवी में हुये भू—स्खलन में समस्तीपुर जिले के कल्याणपुर प्रखंड के जटमलपुर गांव के छह लोगों की मौत हो गयी जबकि चार अन्य गम्भीर रूप

से घायल हो गये। सूचना और जनसम्पर्क मंत्री महेश्वर हजारी ने बताया कि मृतकों के शव लाने के प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार हादसे में फंसे हुये परिवारों के भी सम्पर्क में हैं।

———————————————————————————

पटना उच्च न्यायालय ने अपने एक आदेश में कहा है कि वैसे पंचायत और प्रखंड शिक्षक जिन्होंने बारह वर्षों की संतोषजनक सेवा पूरी कर ली है, उन्हें स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक के पद पर पदोन्नति का अधिकार है। न्यायमूर्ति पूर्णेन्दु सिंह की पीठ ने एक याचिका पर सुनवाई करते हुये राज्य सरकार को तीन महीने के भीतर पात्र शिक्षकों की वरीयता सूची तैयार कर पदोन्नति की प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया।

———————————————————————————

राज्य सरकार ने स्वास्थ्य कर्मियों के मानदेय में ग्यारह हजार रूपये से लेकर इक्कीस हजार रूपये तक की बढ़ोतरी की है। लैब टेक्नीशियन और एक्स–रे टेक्नीशियन का मानदेय सैंतीस हजार रूपये से बढ़ाकर अड़तालीस हजार रूपये कर दिया गया है। इसी तरह वरीय रेडियोग्राफर का मानदेय बढ़ाकर अंठावन हजार रूपये प्रतिमाह कर दिया है।

———————————————————————————

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जम्मू–कश्मीर की सीमा पर शहीद बीएसएफ के सब इंस्पेक्टर मोहम्मद इम्तियाज को वीर चक्र से सम्मानित किया गया। सारण जिले के गरखा प्रखंड के नारायणपुर गांव स्थित उनके घर पर कार्यक्रम आयोजित कर शहीद जवान की पत्नी को यह सम्मान प्रदान किया गया। बीएसएफ हजारीबाग के सीओ सुनील कुमार ने युद्धकाल के इस तीसरे सर्वोच्च सम्मान से शहीद जवान को सम्मानित किया।

———————————————————————————

गंगा, सोन, पुनपुन, गंडक, बूढ़ी गंडक और कोसी समेत अधिकांश नदियों के जलस्तर में हो रही बढ़ोतरी के चलते राज्य में बाढ़ की स्थिति एक बार फिर गम्भीर हो गयी है। आपदा प्रबंधन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार भागलपुर, खगड़िया, कटिहार, मधेपुरा, लखीसराय, पटना, भोजपुर, वैशाली और नालंदा जिले के इक्कीस प्रखंडों की तिरासी ग्राम पंचायतें बाढ़ की चपेट में हैं। लगभग छह लाख पचास हजार की आबादी बाढ़ से प्रभावित हुई है। बाढ़ प्रभावितों के लिए विभिन्न जिलों में उन्नीस सामुदायिक रसोई घर संचालित किये जा रहे हैं। इसके अलावा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में एक सौ सड़सठ नाव का परिचालन भी किया जा रहा है। राहत और बचाव कार्य के

लिए एसडीआरएफ की बाईस और एनडीआरएफ की पांच टीमों की विभिन्न जिलों में प्रतिनियुक्ति की गयी है।

———————————————————————————

बक्सर जिले की पॉक्सो अदालत ने नाबालिग से दुष्कर्म के एक मामले में दोषी को बीस वर्ष कारावास और पचास हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। वहीं, शिवहर की पॉक्सो अदालत ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म के एक मामले में दोषी निरंजन कुमार तिवारी को बीस वर्ष कारावास और पचास हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

———————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– राज्य के तीन लाख वोटरों को चुनाव आयोग भेजेगा नोटिस। मतदाता सत्यापन में दस्तावेज न देने वालों को प्रमाणित करनी होगी नागरिकता।

दैनिक जागरण लिखता है– राजगीर में आज से हॉकी का रोमांच।

प्रभात खबर ने लिखा है– शताब्दी वर्ष समारोह के दौरान राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रमुख बोले, कभी नहीं कहा कि पचहत्तर साल में पद छोड़ दूंगा।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है– वोटर अधिकार यात्रा में दरंभगा में मंच से पीएम को दी गाली, वीडियो वायरल भाजपा भड़की, पुलिस के पास पहुंची तीन शिकायतें, राहुल गांधी पर सनहा दर्ज।

राष्ट्रीय सहारा के शब्द हैं– दलितों, पिछड़ों और अति पिछड़ों के अधिकार छिनना चाहती है भाजपा, राहुल।

आज अखबार लिखता है– बिहार में स्वास्थ्य कर्मियों का मानदेय बढ़ा।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. राजगीर में आज से शुरू हो रही है बारहवीं पुरुष एशिया कप हॉकी प्रतियोगिता। भारत आज अपना पहला मैच चीन के खिलाफ खेलेगा।

02. निर्वाचन आयोग ने एसआईआर के तहत दावा–आपत्ति के दौरान आवश्यक कागजात जमा नहीं कराने वाले तीन लाख से अधिक मतदाताओं को नोटिस भेजा।

03. बिहार राज्य महिला आयोग ने वोटर अधिकार यात्रा के क्रम में दरभंगा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में स्वतः संज्ञान लिया। भाजपा ने पटना और दरभंगा में शिकायते दर्ज करवाई।

04. और, नेपाल के रास्ते बिहार में घुसे जैश–ए–मोहम्मद के तीन आतंकियों पर पूर्वी चम्पारण जिले की पुलिस ने पचास हजार रूपये ईनाम की घोषणा की।

———————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।